# D.B.S. COLLEGE
# Govind Nagar
# Kanpur

# N.S.S. Program List




ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड की इकाई ओपीएफ में




डीबीएस में स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

डीबीएस कालेज, गोविंद नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम किया गया। यहां पर प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार मिश्र, डा सुनील श्रीवास्तव, डा एसपी सिंह मौजूद रहे। अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी व आयकर अधिकारी गीता टंडन कपूर ने कहा कि महिला अपने आप में परिपूर्ण है। उसका किसी से कोई मुकाबला नहीं है।

## शिविर में 200 छात्राओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

कानपुर,8 मार्च। महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन डीबीएस कालेज गोविंद नगर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि तमाम सामाजिक -सांस्कृति क संदर्भों पर चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को संकोच त्याग अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को गंभीरता से लेने की बात की,जिससे वे खुद अपनी व परिवार की देखभाल अच्छी तरह से कर सकें। कार्यक्रम में सीएचसी पतारा की चिकित्साधिकारी डॉ कविता यादव ने महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी तमाम समस्याओं पर चर्चा कर जरुरी सुझाव दिए। इस अवसर पर 200 से ज्यादा छात्राओं का परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य समस्या को सुना। डॉ मंजू अवस्थी, डॉ राजीव सिंह, डॉ सुनील उपाध्याय, डॉ अलका सक सेना, डॉ अर्चना शुक ला, डॉ नीलम श्रीवास्तव, डॉ ममता सिंह, डॉ दुर्गेश सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## दो सौ से अधिक छात्राओं का किया चेकअप

डीबीएस कॉलेज में महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्र ने किया। डॉ. कविता यादव ने बताया कि शिविर में करीब 200 से अधिक छात्राओं का चेकअप किया गया। डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. गीता डुडेजा, डॉ. सुनील उपाध्याय आदि रहे। एचबीटीयू के महिला अध्ययन केंद्र की ओर से निशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगा। समिति के सचिव डॉ. विकास यादव ने बताया कि छात्राओं को तनाव मुक्त रखने को चिकित्सकों ने काउंसिलिंग भी की। जाह्नवी, पूजा, रोली ने काव्यपाठ किया।

पहले युवा ई-श्रम, उद्यम एवं असीम आदि पोर्टल पर पंजीयन करवाते थे। अब सभी वेबसाइट को एनसीएस में तब्दील कर दिया गया है। यह जानकारी उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी राजकुमार ने दी। जासं

### सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति दिलाई शपथ

कानपुर : डीबीएस कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, सड़क सुरक्षा क्लब व मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य डा. अनिल कुमार मिश्रा ने वालंटियर्स को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डा. एसपी सिंह, मिशन शक्ति संयोजिका डा. गीता डुडेजा, सड़क सुरक्षा क्लब प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश, डा. राजीव सिंह ने भी विचार रखे। वि.

### शिक्षित युवाओं से बनता है बेहतर समाज

### हज यात्रा पर जाने वालों का टीकाकरण आज

#### कानपुर के हज यात्री सात जून को भी होंगे रवाना

कानपुर के 282 हज यात्री छह से 15 जून तक सऊदी अरब के मदीना रवाना होने वाली उड़ानों में शामिल रहेंगे। छह के अलावा सात जून और अन्य तारीखों में शहर के हज यात्रियों की रवानगी होगी। 12 जून को अमौसी एयरपोर्ट से कोई उड़ान नहीं रहेगी। बाकी के दिनों में नियमित उड़ानें हैं। यह जानकारी राज्य हज समिति के प्रशिक्षक हाजी मोहम्मद शारिक अल्वी ने दी।

पासपोर्ट साइज फोटो के साथ पहुंचकर टीके लगवा लें।

### 350 छात्रों में से 156 को मिला अप्रेंटिस का मौका

### यातायात नियमों का करें पालन



कानपुर। किदवईनगर स्थित महिला महाविद्यालय में यातायात प्रकोष्ठ के अंतर्गत एनएसएस और एनसीसी की ओर से सड़क सुरक्षा कार्यशाला हुई। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी ने किया। मुख्य वक्ता ट्रैफिक एसआई शिवसिंह छोकर ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया। संगीत विभाग ने गीतों से ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। संचालन एनसीसी की रिचा छब्बर और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शबा यूनुस ने किया। वहीं, डीबीएस कॉलेज में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. एसपी सिंह, डॉ. गीता डुडेजा, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ. राजीव आदि रहे। (संवाद)

### लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक तैयारियों के



## साइबर अपराधों से सचेत रहने को किया जागरूक



कानपुर। डीबीएस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि साइबर से जुड़े अपराध बढ़ रहे हैं जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट के प्रयोग से आपको सामाजिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित व धोखा देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की आपकी जिम्मेदारी है कि अपने साथ-साथ समाज को भी जागरूक करें। मुख्य वक्ता पूर्व डिप्टी कमांडेंट एवं वर्तमान में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. संतोष कुमार यादव ने बताया कि कभी किसी के साथ अपने ओटीपी या पासवर्ड को शेयर ना करें और यदि आपके साथ इस प्रकार का कोई अपराध होता है जिसमें आप के चित्र, वीडियो या कोई रिकॉर्डिंग के माध्यम से आप को धमकी दी जाती है तो प्रत्येक जिले में इससे निपटने के लिए साइबर सेल बना हुआ है, इसकी जानकारी अपने नजदीकी थाने में अवश्य दें, इसके लिए सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर की सेवा भी जारी की गई है जो 1930 है। इस पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. सुनील उपाध्याय ने किया। डॉ. अतुल सिंह, डॉ. ज्ञान प्रकाश भी रहे।

# डीबीएस कॉलेज में साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया

लोक भारती न्यूज ब्यूरो



कानपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डीबीएस कॉलेज कानपुर में साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि साइबर से जुड़े अपराध बढ़ रहे हैं। जिसमें कंप्यूटर,मोबाइल, इंटरनेट के प्रयोग से आपको सामाजिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित एवं धोखा देने का प्रयास किया जाता है।उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की आपकी जिम्मेदारी है कि अपने साथ-साथ समाज को भी जागरूक करें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व डिप्टी कमांडेंट एवं वर्तमान में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ संतोष कुमार यादव ने बताया कि साइबर क्राइम क्या है तथा किस प्रकार से किया जा सकता है व उन्होंने बताया कि कभी किसी के साथ अपने ओटीपी या पासवर्ड को शेयर ना करें और यदि आपके साथ इस प्रकार का कोई अपराध होता है जिसमें आप के चित्र, वीडियो या कोई रिकॉर्डिंग के माध्यम से आप को धमकी दी जाती है तो प्रत्येक जिले में इससे निपटने के लिए साइबर सेल बना हुआ है इसकी जानकारी अपने नजदीकी थाने में अवश्य दें, इसके लिए सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर की सेवा भी जारी की गई है जो 1930 है।जिस पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल साइट पर किसी भी लालच से बचे क्योंकि कभी भी कोई आपको फ्री में पैसा नहीं दे सकता। अपने लैपटॉप में एंटीवायरस का प्रयोग करें तथा फ्री मिलने वाली वाईफाई के यूज़ से बचें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस पी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की सार्थकता के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ अतुल सिंह, डॉ ज्ञान प्रकाश एवं बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

दिए हैं।

मंगलवार को डीएम ऑफिस में बिकरु, भौंसाना, कीरतपुर के ग्राम प्रधान अपना इस्तीफा लेकर पहुंचे। उन्होंने विकास दुबे के भांजे पेशे से ... लगाते हुए कहा कि वो उनके कामकाज में अड़चन पैदा करता है। विकास दुबे का डर दिखाकर सरकारी काम में अड़ंगा पैदा कर रहा है।

## अमृत महोत्सव के अवसर पर 8वीं अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



कानपुर। अमृत महोत्सव के अवसर पर 8वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई, डी0बी0एस0 कालेज, कानपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम कोरोना प्रोटोकाल एवं योग दिवस कॉमन प्रोटोकाल का पालन करते हुए मुख्य अतिथि माननीय अरविन्द कुमार मिश्र, मुख्य न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, कानपुर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने प्रार्थना सभा द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि योग मनुष्य को स्वस्थ रखने में सहायता करता है, जिससे मन और आत्मा संतुलित रहती है। प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक बीमारियाँ दूर रहती हैं। बढ़ते तनाव को कम करने और लाइफ स्टाइल से पैदा होने वाली समस्याओं को योग से दूर किया जा सकता है। योगाचार्य श्री विनोद मिश्रा ने उपस्थित सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को बैठकर खड़े होकर तथा लेटकर किये जाने वाले विभिन्न आसन तथा प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 एस0 पी0 सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से रोजाना योग को अपने जीवन में शामिल करने के लिए संकल्प कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 विजय खरे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 सी0 एम0 सक्सेना, डॉ0 संजय सिंह, डॉ0 धीरेन्द्र सिंह, डॉ0 गौतम हाल, डॉ0 गौरव सिंह एवं काफी संख्या में छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चौबेपुर में योगाभ्य











